सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

<u>**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई द्वारा हिन्दी माह समारोह संपन्न**</u>

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई में हिन्दी माह समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. इस अवसर पर बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम वी राव जी ने हिंदी के प्रयोग से बैंक की व्यवसाय वृद्धि पर बल देते हुए सभी स्टाफ सदस्यों को अपने दैनिक कार्यों में हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए कहा साथ ही इस अवसर पर बैंक को मिले राजभाषा कीर्ति पुरस्कार का लोकार्पण भी किया.
इस अवसर पर बैंक के कार्यपालक निदेशकगण श्री विवेक वाही, तथा श्री एम वी मुरलीकृष्णा ने भी अपने संबोधन में राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दैनंदिन कामकाज में राजभाषा के प्रयोग पर बल दिया. इससे पूर्व श्री राजेश कुमार, महाप्रबंधक- राजभाषा ने अपने स्वागत भाषण में बैंक द्वारा किए राजभाषा कार्यांवयन पर प्रकाश डाला.

अंत में बैंक के सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) श्री राजीव वार्ष्णेय द्वारा सभी के प्रति आभार
व्यक्त किया गया.

कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ कार्यपालक तथा अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे..

इस कार्यक्रम के दौरान हिन्दी माह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के करकमलों द्वारा प्रदान किए गए.

फोटो विवरण : मंच पर दायें से श्री एम वी मुरलीकृष्णा, कार्यपालक निदेशक, श्री एम वी राव, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एवं श्री विवेक वाही कार्यपालक निदेशक .

****